पढ़े चलो, बढ़े चलो
Samagra Shiksha Abhiyan (Secondary Education)

# प्रश्न बैंक

# 2021–22

# विषयः लेखा शास्त्र

# कक्षा : 11वीं

**समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र.**

लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल

# आमुख

प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम लेखाशास्त्र विषय में आशा अनरुप नहीं रहता है। शालाओं के समय–समय पर विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान यह देखा गया है कि छात्र–छात्राओं का लेखाशास्त्र विषय में ज्ञान का स्तर संतोषजनक नहीं है।

आगामी परीक्षा की तैयारी एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु यह **प्रश्न बैंक** तैयार किया गया है। जिसके उपयोग से शिक्षक अपने समस्त छात्रों को बेहतर अंक प्राप्त करने एवं अगली कक्षा में जाने हेतु समर्थ बना सकेंगे।

इस मटेरियल को ब्लूप्रिन्ट के अनुसार उन महत्वपूर्ण पाठ्य वस्तुओं का समावेश कर तैयार किया गया है जो कि प्रभावी शिक्षण एवं छात्र–छात्राओं के लेखाशास्त्र विषय में औसत दक्षता विकसित करने एवं परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु लाभकारी सिद्ध होगा।

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा** में डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थियों का चिन्हांकन आपके द्वारा कर लिया गया होगा। यदि आपके स्कूल में एक से अधिक सेक्शन है तो विद्यार्थियों के ग्रेड के आधार पर सेक्शन में विद्यार्थियों का पुनर्वितरण कर दें। तथा एक ग्रेड के विद्यार्थियों को एक सेक्शन में रखें ताकि उन विद्यार्थियों को उनके स्तर के अनुरूप पढाया जाये।

प्रदेश के समस्त हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्य एवं संबंधित शिक्षकों से अपेक्षा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि वे इस माड्यूल से शाला के छात्र–छात्राओं को लेखाशास्त्र विषय का नियमित निदानात्मक कक्षाओं में अभ्यास करायेंगे ताकि प्रत्येक विद्यार्थी परीक्षा में सफल हो सके।

**शिक्षकों से अपेक्षित कार्यवाही –डी एवं ई ग्रेड के विद्यार्थयों को आगामी 2 माह तक इस प्रश्न बैंक अनुसार अभ्यास कराएं। विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रश्न को किस तरह लिखना है इसे समझाएं । विद्यार्थियों द्वारा की जा रही गलतियों को सुधारें।**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2021–22
BLUE PRINT OF QUESTION PAPER

कक्षा :– 11वीं — पूर्णांक :– 80
विषय :– लेखाशास्त्र (Accountancy) — समय :– 3:00 घंटे

| क्र. | इकाई एवं विषय वस्तु | इकाई पर आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| 1 | लेखांकन –एक परिचय | 06 | 04 | 01 | – | – | 01 |
| 2 | लेखांकन – सैद्धांतिक आधार | 06 | 04 | 01 | – | – | 01 |
| 3 | लेनदेनों का अभिलेखन–I | 10 | 04 | 01 | – | 01 | 02 |
| 4 | लेनदेनों का अभिलेखन–II | 10 | 03 | 02 | 01 | – | 03 |
| 5 | बैंक समाधान विवरण | 04 | 02 | 01 | – | – | 01 |
| 6 | तलपट / अशुद्धियों का संशोधन | 10 | 04 | 01 | – | 01 | 02 |
| 7 | ह्रास, प्रावधान और संचय | 08 | 02 | 01 | – | 01 | 02 |
| 8 | विनिमय विपत्र | 05 | – | 01 | 01 | – | 02 |
| 9 | वित्तीय विवरण–I | 08 | 05 | – | 01 | – | 01 |
| 10 | वित्तीय विवरण–II | 08 | 02 | 01 | – | 01 | 02 |
| 11 | अपूर्ण अभिलेखों से खाते | 05 | 02 | – | 01 | – | 01 |
| | कुल योग | 80 | 32 | 20 | 12 | 16 | 18+5=23 |

**प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश –**

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 07 अंक, सही जोडी 06 अंक, एक वाक्य में उत्तर 07 अंक, सत्य असत्य 06 अंक, संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान होगा। यह विकल्प समान ईकाई / उप ईकाई से तथा समान कठिनाई स्तर वाले होंगे। इन प्रश्नों की उत्तर सीमा निम्नानुसार होगी –

| | | |
|---|---|---|
| अतिलघुउत्तरीय प्रश्न | 02 अंक | लगभग 30 शब्द |
| लघुउत्तरीय प्रश्न | 03 अंक | लगभग 75 शब्द |
| विश्लेषणात्मक | 04 अंक | लगभग 120 शब्द |

2. 40 प्रतिशत वस्तुनिष्ठ प्रश्न, 40 प्रतिशत पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रश्न, 20 प्रतिशत विश्लेषणात्मक प्रश्न होगें।
3. सत्र 2021–22 हेतु कम किये गये पाठ्यक्रम से प्रश्न पत्र में प्रश्न न दिये जाये।
4. पाठ्यवस्तु पर आधारित प्रायोजना कार्य हेतु 20 अंक आवंटित है।

कक्षाः– 11वीं
विषयः– लेखाशास्त्र (वाणिज्य संकाय)
<u>कम किए गए पाठ्यक्रम की विषयवस्तु</u>

| क्र. | पुस्तक / विषय वस्तु का नाम | अध्याय | कम किये गये अध्याय / विषय वस्तु का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | लेखांकन एक परिचय | अध्याय– 1 | कोई परिवर्तन नही |
| 2 | लेखांकन के सैद्धान्तिक आधार | अध्याय– 2 | (2.6) अन्तराष्ट्रीय वित्तीय रिर्पोटिंग प्रणाली |
| 3 | लेनदेन का अभिलेखन–1 | अध्याय –3 | (3.2) लेखांकन समीकरण |
| 4 | लेनदेन का अभिलेखन–2 | अध्याय –4 | कोई परिवर्तन नही |
| 5 | बैंक समाधान विवरण | अध्याय –5 | (5.2) बैंक समाधान विवरण का निर्माण |
| 6 | तलपट एवं अशुद्धियों का संशोधन | अध्याय –6 | कोई परिवर्तन नही |
| 7 | ह्रास, प्रावधान एवं संचय | अध्याय –7 | (7.8) ह्रास के अभिलेखन की पद्धतियां<br>(7.9) परिसम्पत्ति का निपटान<br>(7.10) वर्तमान परिसम्पत्ति में बढ़ोत्तरी एवं विस्तार |
| 8 | विनिमय विपत्र | अध्याय –8 | (8.9) विपत्र का नवीनीकरण<br>(8.10) विनिमय विपत्र का परिपक्वता तिथि से पूर्व भुगतान |
| 9 | वित्तीय विवरण – 1 | अध्याय –9 | कोई परिवर्तन नहीं |
| 10 | वित्तीय विवरण – 2 | अध्याय–10 | (10.11) प्रबंधक कमीशन |
| 11 | अपूर्ण अभिलेखों के खाते | अध्याय–11 | (11.3) लाभ एवं हानि का निर्धारण<br>(11.4) व्यापार एवं लाभ हानि खाता तथा तुलन पत्र तैयार करना |
| 12 | लेखांकन में कम्प्यूटर का अनुप्रयोग | अध्याय–12 | सम्पूर्ण अध्याय |
| 13 | कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली | अध्याय–13 | सम्पूर्ण अध्याय |

भाग—1 अध्याय—1

# लेखांकन - एक परिचय

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 6 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 4 | 1 | - | - | 6 |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

सही विकल्प चुनिए —

1. लेखांकन है—
   (अ) कला (ब) विज्ञान
   (स) कला एवं विज्ञान दौनों (द) न कला न विज्ञान
2. जब लेखांकन सूचनाओं को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जाता है, तब लेखांकन सूचना की कौन सी गुणात्मक विशेषता प्रतिबिम्बित होती है—
   (अ) बोधगम्यता (ब) तुलनीयता
   (स) विश्वसनीयता (द) प्रासंगिकता
3. लेखांकन में लेखे किये जाते है—
   (अ) वस्तु मात्रक में (ब) मुद्रा मात्रक में
   (स) उत्पान मात्रक में (द) इनमे से कोई नहीं
4. निम्नलिखित में से स्थायी सम्पत्ति है—
   (अ) विनियोग (ब) उपस्कर
   (स) स्टॉक (द) भवन
5. माल का अर्थ है—
   (अ) उपयोग की वस्तु (ब) केवल क्रय की जाने वाली वस्तु
   (स) क्रय एवं विक्रय की जाने वाली वस्तु (द) सम्पत्ति के रूप में उपयोग की जाने वाली वस्तु
6. निम्न में से कौन सा व्यावसायिक लेन—देन नहीं है—
   (अ) 5000 रु. का कर्मचारियों को वेतन दिया
   (ब) 10000 रु. का फर्नीचर खरीदा
   (स) अपने निजी खाते से बेटे की फीसदी
   (द) व्यवसाय से बेटे की फीसदी
7. एक सूचना प्रक्रिया के रूप में लेखांकन का अंतिम चरण है—
   (अ) आंकड़ों का लेखा (ब) सूचना का संप्रेषण
   (स)वित्तीय विवरणों के रूप में संक्षिप्तीकरण (द) सूचना का विश्लेषण
8. व्यापारिक व्यवहारों को हिसाब किताब की निश्चित पुस्तकों में लिखने की कला है—
   (अ) लेखाकर्म (ब) खाताबही
   (स) पुस्तपालन (द) इनमें से कोई नहीं
9. लेखांकन सूचनाओं का उपयोगकर्ता कौन नहीं है—
   (अ) अव्यस्क (ब) प्रबंधक
   (स) स्वामी (द) निवेशक

10. जिस व्यक्ति को उधार माल बेचा जाता है उसे कहते हैं –

(अ) लेनदार (ब) देनदार

(स) उत्पादक (द) उपभोक्ता

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. आतंरिक उपयोगकर्ता व्यावसायिक इकाई के ....................होते हैं।
2. लेखांकन प्रक्रिया ................से प्रारंभ होती है।
3. लेखांकन व्यावसायिक प्रक्रिया लेनदेनों को ..................... रुप में मापती है।
4. लेखांकन का जनक ..................को कहा जाता है।
5. ख्यााति..................... सम्पत्ति है।
6. लेखांकन का क्षेत्र बहीखाता के क्षेत्र से .................. है।
7. लेखांकन व्यावसाय की .............. है।
8. देय बिल एक .............. दायित्व है।
9. स्वामी द्वारा व्यापार में विनियोजित राशि .............. कहलातीहै।
10. देनदार से आप्रप्त राशि .............. कहलाती है।

**सही जोड़ी बनाइये–**

| | कॉलम (अ) | कॉलम (ब) |
|---|---|---|
| 1. | वर्ष के अंत में अनबिका माल | –(अ) स्थायी सम्पत्ति क्रय के व्यय |
| 2. | पूँजी | –(ब) अमूर्त सम्पत्तियाँ |
| 3. | पूँजीगत व्यय | –(स) स्टॉक |
| 4. | कार्यशील पूँजी | –(द) स्थायी दायित्व |
| 5. | सम्पत्तियाँ जो देखी जा सकती है | –(इ) दैनिक व्यय में प्रयोग |
| 6. | सम्पत्तियाँ जो देखी नहीं जा सकती है। | –(फ) मूर्त सम्पत्तियाँ |

**सत्य/असत्य बताइए –**

1. आहरण से पूँजी कम हो जाती है।
2. बाहरी लोगों को देय राशि पूँजी कहलाती है।
3. जो व्यय चालू वर्ष में लाभ प्राप्त करने हेतु किए जाते है, आयगत व्यय कहलाते हैं।
4. व्यापारिक बट्टे का लेखा किया जाता है।
5. तरल सम्पत्तियाँ, अल्प अवधि में रोकड़ में परिवर्तित हो जाती हैं।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा– 30 शब्द)**

1. व्यापारिक बट्टा क्या है?
2. अंतिम स्कंध किसे कहते हैं?
3. व्यवसाय किसे कहते हैं?
4. लेखांकन को परिभाषित कीजिए?
5. लेखांकन सूचना तुलनीय क्यों होना चाहिए।
6. पूंजी से क्या आशय है?
7. आहरण से क्या आशय है?
8. संपत्ति से क्या आशय है?
9. दायित्व से क्या आशय है?
10. लेखांकन की दो सीमाएं लिखिए।
11. व्यापारिक बट्टा एवं नकद बट्टा में अंतर लिखिए।
12. लेखांकन सूचना की गुणवत्ता के निर्धारक तत्व लिखिए।
13. लेखांकन की चार विशेषताएं लिखिए।
14. बहीखाता लेखाकर्म में अंतर लिखिए।
15. लेखाकर्म का व्यवसाय में क्या महत्व है?
16. लेखाकंन के दो उद्देश्य लिखिए।

## लेखांकन - सैद्धांतिक आधार

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 6 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेषणात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 4 | 1 | - | - | 6 |

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सही विकल्प चुनिए –**

1. अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किस मान्यता के अनुसार किया जाता है –
   (अ) पूर्ण प्रकटीकरण मान्यता (ब) रूढ़ीवादी मान्यता
   (स) एकरूपता की मान्यता (द) इनमें से कोई नहीं
2. ह्रास का लेख नहीं किया जिससे लाभ बढ़ गया। यह किस सिद्धांत की अवहेलना है–
   (अ) लागत सिद्धांत (ब) एकरूपता सिद्धांत
   (स) पूर्ण प्रकटीकरण का सिद्धांत (द) रूढ़िवादी सिद्धांत
3. लाभ की आशा न करें तथा सभी सम्भव हानियों के लिए प्रावधान करें किस मान्यता से सम्बन्धित है–
   (अ) रूढ़िवादी मान्यता (ब) प्रदर्शन की परम्परा
   (स) सारता की परम्परा (द) नियमितता की परम्परा
4. वित्तीय विवरणों में पैसों को छोड़ देना और पूर्णांक में लिखना किस मान्यता से संबंधित है–
   (अ) रूढ़िवादी मान्यता (ब) निरन्तरता की मान्यता
   (स) सारता की मान्यता (द) वसूली अवधारणा
5. किस अवधारणा के अनुसार सम्पत्तियों को स्थायी सम्पत्ति एवं चालू सम्पत्ति का वर्गीकरण किया जाता है–
   (अ) प्रथम अस्तित्व की अवधारणा (ब) चालू व्यापार की अवधारणा
   (स) निरन्तरता की अवधारणा (द) समय अवधि की अवधारणा

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

1. लेखांकन अवधि का सामान्यतः समय कितना है?
2. संपत्तियां = दायित्व+पूंजी । यह किस सिद्धांत पर आधारित है?
3. किस मान्यता के अनुसार व्यापार के गुणात्मक पहलुओं का लेखा नहीं किया जाता है?
4. अप्रत्यक्ष करों को किस कर द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है?
5. वर्ष के अंत में बचा स्टॉक अगले वर्ष के प्रारंभ में क्या कहलाता है?
6. अंतिम विक्रेता द्वारा अंकित जी.एस.टी. का भार किस पर पड़ता है?

**सत्य/असत्य बताइए –**

1. लेखांकन प्रमाप मौखिक विवरण होते हैं।
2. लेखांकन अस्तित्व की मान्यता एकाकी व्यापार पर लागू नहीं होती है।
3. प्रत्येक नामे के लिए जमा होना आवश्यक है।
4. लुकास पेसियोली इंग्लैंड के निवासी थे।
5. स्थिरता के सिद्धांत का उद्देश्य तुलना करने की सुविधा से है।

**सही जोड़ी बनाइए –**

| | |
|---|---|
| 1. केन्द्र सरकार द्वारा संग्रहण | (अ) रुढ़िवादिता की अवधारणा |
| 2. राज्य सरकार द्वारा संग्रहण | (ब) पूर्ण प्रकटीकरण की अवधारणा |
| 3. अंतिम रहतिया का मूल्यांकन | (स) सारता की अवधारणा |
| 4. सही तथ्य एवं सूचनाएं | (द) CGST एवं IGST |
| 5. महत्वहीन मदों को छोड़ना | (इ) SGST |

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. एक ही समय की आगम और व्ययों को पहचानना..................की मान्यता है।
2. प्रत्येक संपत्ति का जीवनकाल ................होता है।

3. यदि कोई दायित्व नहीं हो तो सम्पत्तियां ......................के बराबर होती हैं।
4. निर्माण कार्यों में आगम की पहचान ....................के आधार पर होती है।
5. ................मान्यता के अनुसार प्रतिवर्ष एक समान लेखांकन पद्धति को अपनाना चाहिए।
6. आय के निर्माण की लागत ........... है।
7. विक्रय पर संग्रहित GST फर्म के लिए ........... है।
8. भुगतान किया हुआ GST एक व्यय है। यदि इसका समायोजन नहीं हुआ तो इसे चिट्ठे में ............. पक्ष में दर्शाया जाता है।

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न– (शब्द सीमा –30 शब्द)**

1. लेखांकन सिद्धांत से क्या आशय है?
2. सारता की संकल्पना को समझाइए।
3. जीएसटी की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
4. आमद को मान्य कब माना जाता है।
5. पूर्ण प्रस्तुतिकरण संकल्पना क्या है?
6. लेखांकन मानक क्या है?
7. एकरुपता की परंपरा से क्या आशय है?
8. मुद्रामापन की संकल्पना समझाइए।
9. मिलान का सिद्धांत से क्या आशय है?
10. लेखांकन मानक के 2 लाभों का वर्णन कीजिए।
11. वस्तु एवं सेवाकर की 2 विशेषताएं लिखिए।
12. लेखांकन के रोकड़ आधार एवं उपार्जन आधार में 2 अंतर लिखिए।
13. दोहरा लेखा प्रणाली की 2 विशेषताएं लिखिए।
14. रूढ़ीवादिता की अवधारणा से क्या आशय है ?
15. प्रथक वैधानिक मान्यता को समझाइए।
16. चालू व्यवसाय की मान्यता को समझाइए।
17. दोहरा लेखा प्रणाली से क्या आशय है ?

## भाग–1 अध्याय–3

## लेनदेनों का अभिलेखन-1

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 10 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 4 | 1 | - | 1 | 10 |

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**सही विकल्प चुनिए –**

1. नाम की चिट्ठी तैयार करता है–
(अ) क्रेता (ब) विक्रेता (स) ग्राहक (द) बैंक
2. दोहरा लेखा प्रणाली में खाते रखे जाते हैं–
(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) वास्तविक खाता (स) नाम मात्र का खाता (द) इनमें से सभी
3. लेनदेनों की संक्षिप्त व्याख्या को कहते है–
(अ) संक्षिप्तीकरण (ब) विवरण (स) स्पस्टीकरण (द) सूचना
4. माल दान में दिया कौन सा खाता जमा किया जएगा–
(अ) दान खाता (ब) विक्रय खाता (स) क्रय खाता (द) रोकड़ खाता
5. रोजनामचा में कितने खाने होते हैं–
(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छह
6. बही जिसमें समस्त खाते रखे जाते हैं, कहलाती है–
(अ) रोकड़ बही (ब) रोजनामचा (स) क्रयबही (द) खाताबही

7. नाममात्र के खाते का सम्बन्ध होता है–
(अ) सम्पत्ति एवं दायित्व से (ब) देनदार एवं लेनदार से (स) पूँजी और आहरण से (द) व्यय और आगम से
8. जर्नल में लेखा किस पुस्तक से किया जाता है –
(अ) क्रय पुस्तक से (ब) विक्रय पुस्तक से (स) रोकड़ पुस्तक से (द) स्मारक पुस्तक से
9. खाता जो व्यापार के स्वामि का प्रतिनिधित्व करता है–
(अ) आहरण खाता (ब) सम्पत्ति खाता (स) विक्रय खाता (द) क्रय खाता

**सही जोड़ी बनाइये–**

| | |
|---|---|
| 1. नामें शेष | (अ) आहरण पर ब्याज |
| 2. व्यवसाय के लिए हानि | (ब) नाम पक्ष का योग अधिक होना |
| 3. कैश मेमो | (स) पूंजी पर ब्याज |
| 4. पे इनस्लिप | (द) नकद विक्रय |
| 5. व्यवसाय के लिए आय | (इ) बैंक में नकद जमा |

**सत्य/असत्य बताइए –**

1. खाताबही में रोजनामचा पृष्ठ संख्या देना आवश्यक नहीं है।
2. खाताबही में एक जैसे लेन–देनों को एक ही स्थान पर लिखे जाते हैं।
3. रोकड़ बैंक में जमा करने पर बैंक खाता जमा किया जाता है।
4. प्रत्येक लेन–देन का लिखित प्रमाण होना चाहिए।
5. प्रमाणक लेन–देन के सही लेखांकन का प्रलेख है।

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए–**

1. विक्रय खाता का शेष सदैव कैसा होता है ?
2. संपति क्रय पर किस खाता को नामे किया जाता है?
3. किसी खाते के दाँये भाग को क्या कहते हैं?
4. प्रमाणकों के आधार पर किस पुस्तक में लेखा करते हैं?
5. कौन सी पद्धति में खातों को पांच भागों में बांटा जाता है?
6. खाताबही में कितने कालम होते हैं।
7. खाताबही में लेनदेनों को लिखने को क्या कहते हैं?
8. कौन से खातों को बन्द कर दिया जाता है?

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा – 30 शब्द)**

1. मूल प्रलेख से क्या आशय है?
2. डेबिट नोट किसे कहते हैं?
3. क्रेडिट नोट किसे कहते हैं?
4. लेखांकन प्रमाणक क्या है?
5. रोकड़ प्रमाणक से क्या आशय है?
6. खाता किसे कहते हैं?
7. नामे व जमा से क्या आशय है?
8. रोजनामचा से क्या आशय है?
9. मिश्रित प्रविष्टि किन्हें कहते हैं?
10. खाताबही से क्या आशय है?
11. खातों के शेष निकालने का अर्थ समझाइए।
11. नेरेशन किसे कहते हैं?
12. डेबिट वाउचर क्या है?

**विश्लेषणात्मक प्रश्न (शब्द सीमा –120 शब्द)**

1. खाताबही के लाभ लिखिए।
2. लेखांकन वाउचर के विभिन्न प्रकार समझाइए।
3. रोजनामचा के लाभ लिखिए।
4. माल खाते का विभाजन समझाइए।
5. स्त्रोत्र प्रलेखों व प्रमाणकों में अंतर लिखिए।
6. रोजनामचा व खाताबही में अंतर लिखिए।
7. खातों को डेबिट व क्रेडिट करने के आधुनिक नियम समझाइए।

8. मोहन का खाता तैयार कीजिए – (प्रारंभिक शेष– 6300 रु. जमा शेष)

| | |
|---|---|
| 2010 | रु. |
| जनवरी 1 उन्हें भुगतान किया | 4300 |
| जनवरी 8 उनसे उधार माल खरीदा | 3000 |
| जनवरी 20 उन्हें चेक दिया | 2000 |
| जनवरी 30 उन्हें माल वापिस किया | 1000 |

9. रोजनामचा तैयार कीजिए –

| | | |
|---|---|---|
| | | रुपये |
| i. | रोकड़ से व्यापार प्रारंभ क्या | 8000 |
| ii. | नकद माल खरीदा | 700 |
| iii. | रमेश को माल बेचा | 300 |
| iv. | अमन से माल खरीदा | 1000 |
| v. | नकद माल बेचा | 2000 |
| vi. | दुकान का किराया दिया | 100 |

10. खाताबही में क्रय खाता बनाइए –

| | |
|---|---|
| 2017 | रुपये |
| अगस्त1 विजय से उधार माल खरीदा | 4000 |
| अगस्त5 नकदमाल खरीदा | 6000 |
| अगस्त 12 विशाल से माल खरीदा और चैक से भुगतान किया | 2000 |
| अगस्त 20 माल का आहरण किया | 800 |
| अगस्त 25 विपुल से माल क्रय किया | 1000 |

11. हरप्रीत ब्रदर्स की पुस्तकों में रोजनामचे की प्रविष्टियाँ कीजिए–
   1. 1,000 रू. जिनका भुगतान रोहित को करना था। अब डूबत ऋण है।
   2. 2,000 रू. मूल्य के माल का उपयोग स्वामी ने अपने लिए किया।
   3. राहुल जिस पर 2000 रू. बकाया थे दिवालिया हो गया उससे केवल रूपये में 60 पैसे ही प्राप्त हुए।
   4. 30,000 रू. की मशीन पर 10% वार्षिक दर से दो माह के मूल्य ह्रास की प्रविष्टि कीजिए।

12. CGST@5% और SGST@5% पर यह मानते हुए कि सभी लेनदेन दिल्ली के भीतर हुए रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए–
   1. शोभित से उधार माल खरीदा–100000 रू.
   2. वही माल मोहित को 120000 रू. में उधार बेचा
   3. 3000 रू. बीमा प्रीमियम का भुगतान किया
   4. 2000 रू. डाक व्यय हुए।

**भाग–1 अध्याय–4**

## लेनदेनों का अभिलेखन -2

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 10 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेषणात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 3 | 2 | 1 | - | 10 |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सही विकल्प चुनिए –**

1. क्रय बही भाग है –

(अ) खाताबही का (ब) रोजनामचा का
(स) अंतिम खाते का (द) चिट्ठा का

2. किन लेन–देनों के कुल योग क्रय पुस्तक में प्रविष्टि किये जाएगें–

(अ) फर्नीचर खरीदी का (ब) नकद और उधार खरीद का
(स) क्रय वापसी का (द) मशीन खरीदी का

3. त्रिस्तंभीय रोकड़ बही में किस छूट का लेखा किया जाता है–

(अ) व्यापारिक का (ब) नकदछूट का
(स) मौसमी छूट का (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. खुदरा रोकड़ बही में प्रणाली अपनाई जाती है–

(अ) उपार्जित प्रणाली (ब) अग्रदाय प्रणाली
(स) रोकड़ प्रणाली (द) इनमें से कोईनहीं

5. यदि किसी लेनदेन के नाम और जमा पक्ष का अभिलेखन रोकड़ बही किया जाता है तो यह लेन–देन है–

(अ) उभय पक्ष प्रविष्टि (ब) साधारण प्रविष्टि
(स) द्विपक्षीय प्रविष्टि (द) एकाकी प्रविष्टि

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. उधार बेचे माल की राशि वसूल न होने पर उसे ....................कहते हैं।
2. क्रेडिट नोट...........द्वारा भेजा जाता है।
3. विक्रय खाता का शेष सदैव ............होता है।
4. रोकड़ बही के बैंक स्तम्भ का जमा शेष स्थिति का प्रदर्शन करता है।
5. रोकड़ बही में केवल..................... व्यवहारों का लेखा होता है।

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए –**

1. अमूर्त संपत्ति का एक उदाहरण दीजिए।
2. समस्त नकद भुगतान रोकड़ बही के किस पक्ष में लिखते है?
3. दैनिक व्यवहारों के लिए कौन सी रोकड़ बही का प्रयोग होता है?
4. प्रति प्रविष्टि किस बही में की जाती है?
5. संपत्ति का उधार क्रय किस पुस्तक में लिखते हैं?

**सत्य–असत्य बताइए –**

1. रोकड़ खाता एक वास्तविक खाता है।
2. क्रय बही में सभी क्रय का लेखा होता है।
3. जब माल वापस भेजा जाता है तो डेबिट नोट बनता है।
4. व्यापारिक बट्टे को सूची मूल्य से घटा दिया जाता है।
5. बैंक खाता क्रेडिट शेष बैंक अधिविकर्ष दर्शाता है।

**सही जोड़ी बनाइये–**

| | |
|---|---|
| 1. क्रय वापसी बही | (अ) माल वापिस आने पर |
| 2. विक्रय वापसी बही | (ब) माल वापिस भेजने पर |
| 3. क्रय बही | (स) अग्रदाय पद्धति |
| 4. लघुरोकड़ बही | (द) बीजक बही |
| | (इ) |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न(शब्द सीमा-30 शब्द) –**

1. रोकड़ बही से क्या आशय है?
2. विपरीत प्रविष्टि किसे कहते हैं?
3. खुदरा रोकड़ बही क्या है?
4. सहायक बहियाँ किन्हें कहते हैं?
5. क्रय बही किसे कहते हैं?
6. विक्रय बही किसे कहते हैं?
7. मुख्य राजनामचा से क्या आशय है?
8. खातों के संतुलन से क्या आशय है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–75 शब्द)**

1.क्रय वापसी बही बनाइये।

मार्च– 1 राजवीर ब्रदर्स को माल वापस किया–
10 शर्ट पीस रु. 100 प्रति पीस की दर से
मार्च–15 प्रिया एंड कम्पनी को माल वापस किया–
5 साड़ियां 400 रु. प्रति साड़ी की दर से
मार्च–28 सुनील एंड कम्पनी को वापस किया–
2 पेन्ट पीस रु. 300 प्रति पीस की दर से

2. खुदरा रोकड़ बही में लेखा कीजिए–अग्रिम राशि 5000 रु. है–

| जनवरी 2019 | | रुपये |
|---|---|---|
| 24 | लेखन सामग्री | 1000 |
| 25 | बस का किराया | 120 |
| 25 | ढुलाई व्यय | 400 |
| 26 | टेक्सी किराया | 800 |
| 27 | आकस्मिक व्यय | 900 |
| 28 | डाक व्यय | 800 |

3. क्रय बही में लिखे जाने वाले 3 व्यवहार समझाइए।
4. फुटकर रोकड़ बही एवं मुख्य रोकड़ बही में अंतर लिखिए।
5. खातों के संतुलन को समझाइए।
5. सहायक बहियों के लाभ लिखिए।
6. ऐसे तीन व्यवहारों को समझाइए जिनका लेखा विक्रय बही में नहीं किया जाता है।
7. प्रति प्रविष्टि क्या है? किस प्रकार के लेन–देनों की प्रति प्रविष्टियां की जाती है?
8. फुटकर रोकड़ बही के तीन लाभ लिखिए।
9. रोकड़ बही के तीन लाभ लिखिए।
10. रोजनामचे के विभाजन से होने वाले तीन लाभ लिखिए।
11. साधारण रोकड़ बही बनाइए –

| 2016 | | रुपये |
|---|---|---|
| नवम्बर 01 | हस्तस्थ रोकड़ | 12500 |
| नवम्बर 04 | हरि को नकद भुगतान | 600 |
| नवम्बर 07 | माल खरीदा (नकद) | 800 |
| नवम्बर 12 | अमित से प्राप्त | 1000 |
| नवम्बर 16 | माल नकद बेचा | 800 |
| नवम्बर 20 | मनीष को भुगतान | 590 |

12. क्रय बही तैयार कीजिए–

2 जनवरी 2016 दीपक एंड संस, भोपाल से 500 रु. का माल खरीदा
2 जनवरी 2016 नरेश से 320 रु. का माल खरीदा
2 जनवरी 2016 मोहन से 5 प्रतिशत व्यापारिक बट्टे पर 200 रु. का माल खरीदा
2 जनवरी 2016 रोहन से 300 रु. का माल नकद खरीदा।

13. निम्नलिखित व्यवहारों से द्विस्तंभीय रोकड़ बही बनाइये–

| दिसम्बर 2017 | | रुपये |
|---|---|---|
| 01 | रोकड़ से व्यवसाय प्रारंभ किया | 12000 |
| 03 | बैंक में नकद जमा कराया | 50000 |
| 05 | सुष्मिता से माल खरीदा | 20000 |
| 06 | दिनकर को माल बेचा और चैक प्राप्त किया | 20000 |
| 14 | दिनकर से प्राप्त चैक बैंक में जमा किया | |

14. विक्रय बही तैयार कीजिए–

जनवरी 5–मेसर्स इंदौर क्लॉथ स्टोर्स को 10 प्रतिशत व्यापारिक बट्टे पर माल बेचा–

| | |
|---|---|
| रेशमी कपड़ा | 1600 रु. |
| ऊनी कपड़ा | 1500 रु. |
| सूती कपड़ा | 1400 रु. |

जनवरी 15–मेसर्स फैंसी क्लॉथ स्टोर भोपाल को 15 प्रतिशत व्यापारिक बट्टे पर माल बेचा–

| | |
|---|---|
| रेशमी कपड़ा | 1600 रु. |
| ऊनी कपड़ा | 2000 रु. |
| सूती कपड़ा | 1400 रु. |

# बैंक समाधान विवरण

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 4 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 2 | 1 | - | - | 4 |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. पासबुक बैंक के खाताबही में प्रदर्शित................. की अनुकृति है।
2. बैंक समाधान विवरण .................... अंतरालों पर अंतरों को जानने हेतु बनाया जाता है।
3. बैंक समाधान विवरण.................... नियंत्रण व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण भाग है।
4. बैंक समाधान विवरण रोकड़ बही व पासबुक में होने वाले .................को खोज निकालता है।
5. साधारणतः रोकड़ बही नामे शेष एवं पासबुक ..................... शेष दर्शाती है।

**सही विकल्प चुनिए –**

1. बैंक समाधान विवरण बनाया जाता है –
   (अ) व्यापारी द्वारा (ब) बैंक द्वारा
   (स) देनदार द्वारा (द) लेनदार द्वारा
2. बैंक द्वारा ग्राहकों के व्यवहारों का लेखा किया जाता है–
   (अ) पासबुक में (ब) रोकड़ बही में
   (स) तलपट में (द) चिट्ठा में
3. पासबुक के क्रेडिट शेष का अर्थ है–
   (अ) अनुकूल शेष (ब) प्रतिकूल शेष
   (स) उच्च्तम शेष (द) इनमें से कोई नहीं
4. बैंक समाधान विवरण कब बनाया जाता है–
   (अ) अंतिम खाते बनाने से पूर्व (ब) अंतिम खाता बनाने के बाद
   (स) बैंक की इच्छानुसार (द) व्यापारी की इच्छानुसार
5. बैंक द्वारा ग्राहक को खाते की प्रतिलिपि दी जाती है,कहलाती है–
   (अ) चेकबुक (ब) रोकड़ बही
   (स) पासबुक (द) बैंकसमाधानविवरण

**सत्य/असत्य बताइए –**

1. बैंक समाधान विवरण है एक स्मारक विवरण है।
2. पासबुक एवं रोकड़ बही का बैंक शेष सदैव बराबर होता है।
3. रोकड़ बही का रोकड़ स्तंभ डेबिट या क्रेडिट शेष दिखा सकता है।
4. बैंक समाधान विवरण दोहरा लेखा प्रणाली का भाग है।
5. बैंक ग्राहक के खाते से सीधे शुल्क काट सकता है।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा-30 शब्द)**

1. बैंक समाधान विवरण से क्या आशय है ?
2. पास बुक से क्या आशय है ?
3. बैंक अधिविकर्ष से क्या आशय है ?
4. बैंक समाधान विवरण की 2 विशेषताएं लिखिए।
5. बैंक समाधान विवरण का 2 महत्व लिखिए।
6. उन 2 व्यवहारों को लिखिए जिनका लेखा रोकड़ बही में हो चुका होता है किंतु पासबुक में नहीं।

भाग–1 अध्याय–6

## तलपट एवं अशुद्धियों का शोधन

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 10 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 4 | 1 | - | 1 | 10 |

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सही विकल्प चुनिए–**

1. खाते का शेष तलपट के डेबिट पक्ष में दिखाया जाता है–
   (अ) लेनदार (ब) देनदार (स) पूँजी (द) अधिविकर्ष
2. तलपट तैयार किया जाता है–
   (अ) वर्ष के प्रारम्भ में (ब) वर्ष के मध्य में
   (स) वर्ष के अंत में (द) विशेष तिथि को
3. तलपट में दिखया गया उचंत खाता दिखाया जाएगा–
   (अ) व्यापार खाते में (ब) लाभहानि में
   (स) स्थिति विवरण में (द) उपरोक्त में से कोई नहीं
4. मोहन को बेचे गये 500 रु. के माल को उसके खाते में 490 रु. लिख दिया। अब मोहन का खाता डेबिट किया जाएगा–
   (अ) 500 रु. (ब) 490 रु. (स) 10 रु. (द) 990 रु.
5. यदि उचन्त खाता त्रुटि सुधार के बाद भी बन्द नहीं हुआ है तो इसका आशय है–
   (अ) एकपक्षीय त्रुटि विद्यमान है (ब) द्वि पक्षीय त्रुटि विद्यमान है
   (स) दोनो त्रुटियाँ विद्यमान (द) कोई त्रुटि विद्यमान नहीं है

**सत्य/असत्य बताइए–**

1. पुराने टाइपराइटर की बिक्री राशि को टाइपराइटर खाते में जमा किया जाएगा।
2. उचंत खाते का शेष हमेशा जमा होता है।
3. आगे ले जाने वाली अशुद्धियाँ दो खातों को प्रभावित करती हैं।
4. सुधार प्रविष्टियाँ मुख्य रोजनामचा में की जाती हैं।
5. नकद या बैंक की अशुद्धियों को रोकड़ बही से सुधारा जाता है।

**सही जोड़ी बनाइए–**

| 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|
| 1. सही वित्तीय स्थिति हेतु | (अ) | लिपकीय अशुद्धियाँ |
| 2. पूर्णतः विपरीत अशुद्धियाँ | (ब) | तलपट |
| 3. खाताबही का सारांश | (स) | अशुद्धियों का सुधार |
| 4. तलपट के दोनों पक्षों का योग | (द) | नाम शेष |
| 5. सम्पत्तियाँ, हानि, व्यय | (इ) | जमा शेष |
| 6. दायित्व, लाभ, प्राप्ति | (फ) | बराबर होना चाहिए |

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. गलतियों को सुधारने के लिए की गई जर्नल प्रविष्टि ...................... कहलाती है।
2. उचन्त खाता एक .................खाता है।
3. तलपट के शेषों से ........................ खाते तैयार किए जाते हैं।
4. बेचे गये माल की लागत दी होने पर तलपट में .................... स्कंध नहीं लिखा जाता है।
5. सभी दायित्वों को तलपट में ..................पक्ष में लिखा जाता हैं।

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए–**

1. तलपट न मिलने पर अंतर की राशि किस खाते में अंतरित किया जाता है?
2. ऐसी अशुद्धि जो एक दूसरे के प्रभाव को समाप्त कर देती क्या कहलाती है?
3. तलपट कौन सी त्रुटि की जांच करता है?
4. खाते का अशुद्ध शेष निकलना किस प्रकार की त्रुटि है?
5. 78 रु. की डेबिट प्रविष्टि 87 रु. करना किस प्रकार की त्रुटि है?

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–30 शब्द )**

1. तलपट से क्या आशय है?
2. सैद्धांतिक अशुद्धि के 2 उदाहरण दीजिए।
3. तलपट की दो सीमाएं लिखिए।
4. उचंत खाता से क्या आशय है?
5. क्षतिपूरक अशुद्धियों से क्या आशय है?
6. छूट जाने वाली अशुद्धियाँ क्या हैं ?
7. भूल की अशुद्धियों से क्या आशय है ?

**विश्लेषणात्मक प्रश्न (शब्द सीमा–120 शब्द)**

1. उचंत खाते की विशेषताएं लिखिए।
2. क्या तलपट का मिलना खातों की गणतीय शुद्धता का अंतिम प्रमाण है?स्पष्ट कीजिए ।
3. तलपट बनाने के उद्देश्य लिखिए।
4. तलपट से प्रकट होने वाली अशुद्धियां बताइए।
5. उचंत खाता बनाने की आवश्यकता क्यों है?
6. अशुद्धियों को संशोधित करने की विधियां समझाइए।
7. निम्न अशुद्धियों का संशोधन कीजिए –
   i. मोहन को 7000 रु. उधार विक्रय का अभिलेखन 7200 रु. किया गया।
   ii. रोहन से 9000 रु. की उधार क्रय का अभिलेखन 9900 रु. किया गया।
   iii. राजेश को वापस किए गए माल का अभिलेखन 4000 रु. के स्थान पर 400 रु. किया गया।
   iv. महेश ने वापस प्राप्त 1000 रू. के माल का अभिलेखन 100 रू. किया गया।

8. निम्नलिखित शेष से तलपट तैयार कीजिए–
   हस्तस्थ रोकड़ रु. 2450, पूँजी रु. 20000, वेतन 2000 रु., देय विपत्र रु. 1600,
   प्रारंभिक स्टॉक रु. 16000, ऋणदाता रु. 5000, ऋणी रु. 23000, अप्राप्य ऋण संचय रु. 500, प्राप्त कमीशन रु. 3000, मजदूरी रु. 850, क्रय रु. 10500, क्रय वापसी रु. 200, अंतिम स्कंध रु. 8000,विक्रय रु. 25000,प्राप्य विपत्र 500रु.
9. निम्नलिखित शेषों से 31 दिसम्बर 2018 को श्री खेमराज की पुस्तकों में तलपट बनाइये

| | रुपये |
|---|---|
| बेचे गये माल की लागत | 150000 |
| देनदार | 60000 |
| स्थायी सम्पत्ति | 50000 |
| व्यय | 20000 |
| विक्रय | 200000 |
| पूँजी | 91000 |
| आहरण | 1000 |
| प्रा. स्टॉक | 60000 |
| अंतिम स्टॉक | 40000 |
| लेनदार | 30000 |

10. निम्न अशुद्धियों को संशोधित कीजिए तथा उचंत खाता तैयार कर अंतर की राशि ज्ञात कीजिए–
    i. मोहन को 7000 रु. उधार विक्रय की खतौनी नहीं की गई।
    ii. रोहन से 9000 रु. की उधार क्रय की खतौनी नहीं की गई।
    iii. राकेश को वापस किये गये 4000 रु. के माल की खतौनी नहीं की गई।
    iv. महेश द्वारा वापस किये गये 1000 रु. के माल की खतौनी नहीं की गई।
    v. गणेश को किए गए 3000 रु. के नकद भुगतान की खतौनी नहीं की गई।
    vi. 2000 रु. नकद विक्रय की खतौनी नहीं की गई।

भाग–1 अध्याय–7

## ह्रास, प्रावधान और संचय

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 8 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेषणात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 2 | 1 | - | 1 | 8 |

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सही जोड़ी बनाइये–**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. भूमि | (अ) चिट्ठे में प्रदर्शित नहीं |
| 2. भवन | (ब) व्यापार से बाहर विनियोग |
| 3. गुप्त संचय | (स) ह्रास लगाया जाता है |
| 4. संचय कोष | (द) लाभ के विरुद्ध प्रभार |
| 5. विशेष संचय | (इ) ह्रास नहीं लगाया जाता है |

**सत्य/असत्य बताइए–**

1. ह्रास का संबंध चालू संपत्तियों से होता है।
2. ह्रास को लाभ हानि खाता के हानि पक्ष में लिखते हैं।
3. पूँजी लाभ से बनाया गया संचय पूंजीगत संचय कहलाता है।
4. संपत्तियों का अवमूल्यन करके गुप्त संचय बनाया जाता है।
5. रिक्तीकरण प्राकृतिक साधनों के संदर्भ में प्रयोग किया जाता है।

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. ............ पद्धति में ह्रास की राशि घटती जाती है।
2. ह्रास सम्पत्ति के मूल्य में होने वाली धीरे–धीरे एवं ...................... कमी है।
3. ह्रास .............सम्पत्तियों पर लगाया जाता है।
4. जब संचय को विनियोगों में लगाया जाता है तो वह .............. बन जाता है।

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए –**

1. लाभ के विरूद्ध ज्ञात दायित्वों की व्यवस्था को क्या कहते है?
2. सम्पत्ति के मूल्य में अस्थायी वृद्धि या कमी क्या कहलाती है?
3. तकनीक परिवर्तन के कारण सम्पत्ति अनुपयोगी हो जाना क्या कहलाता है?
4. ऋणपत्र शोधन के लिए बनाए गए कोष को क्या कहता है?
5. प्रावधान का कर योग्य लाभ पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न( शब्द सीमा– 30 शब्द )–**

1. मूल्य ह्रास से क्या आशय है?
2. अवशिष्ट मूल्य किसे कहते हैं?
3. स्थायी किश्त पद्धति को सीधी रेखा पद्धति क्यों कहा जाता है?
4. क्रमागत ह्रास पद्धति से क्या आशय है?
5. प्रावधान से क्या आशय है?
6. गुप्त संचय किसे कहते हैं?
7. सामान्य संचय किसे कहते हैं?
8. संचय कोष किसे कहते हैं?
9. रिक्तीकरण किसे कहते हैं?
10. उच्चावचन किसे कहते हैं?

**विश्लेषणात्मक प्रश्न ( शब्द सीमा– 120 शब्द )**

1. मूल्य ह्रास एवं उच्चावचन में अंतर बताइए।
2. सामान्य संचय का प्रयोग किन कार्यों के लिए किया जा सकता है?
3. ह्रास की स्थिर प्रभाग पद्धति के गुण लिखिए।
4. प्रावधान व संचय में अंतर लिखिए।
5. ह्रास की सीधी रेखा पद्धति एवं क्रमागत ह्रास पद्धति में अंतर लिखिए।
6. सामान्य संचय एवं विशिष्ट संचय में अंतर लिखिये।
7. आयगत संचय एवं पूँजीगत संचय में अंतर लिखिये।
8. गुप्त संचय सृजन की विधियां लिखिए।
9. ह्रास उत्पन्न होने के कारण लिखिए।
10. संचय के विभिन्न प्रकार समझाइए।
11. एक फर्म ने 10 प्रतिशत वार्षिक दर से अपने यंत्रों पर घटते हुए शेष की पद्धति से ह्रास लगाया। तीसरे वर्ष के अंत में यंत्र खाते का शेष 7290 रु. था। प्रथम वर्ष का यंत्र का प्रारंभिक शेष ज्ञात कीजिए।
12. मेसर्स सेन ब्रदर्स ने 1 अप्रैल 2016 को 500000 रु. का यंत्र खरीदा एवं इसकी स्थापना पर 5000 रु. व्यय किए। संयंत्र का 10 वर्ष पश्चात 10000 रु. अवशिष्ट मूल्य माना गया। 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ह्रास की स्थाई किश्त पध्दति से 3 वर्ष का यंत्र खाता बनाइए।
13. 31 दिसम्बर 2016 को तलपट से निम्नलिखित सूचनाएं प्राप्त है–
    विविध देनदार – 80000 रु. (नामे)
    डूबत ऋण – 4000 रु. (नामे)
    संदिग्ध ऋण कोष – 7000 रु. (नामे)
    अतिरिक्त सूचनाएं–
    i. 5000 रु. डूबत ऋण घोषित हुए किन्तु अपलिखित नहीं किए।
    ii. देनदारों पर 10 प्रतिशत अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों का प्रावधान कीजिए।
    अंतिम खातों हेतु आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए।
14. लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड ने 1 अक्टूबर 2010 को 800000 रु. में एक ट्रक खरीदा। इस ट्रक पर 15 प्रतिशत वार्षिक दर से क्रमागत ह्रास पद्धति से ह्रास लगाया जाता था। खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बन्द कियें जाते हैं। चार वर्ष के लिए ट्रक खाता बनाइए।
15. 1 अप्रैल 2016 से एक मशीन 50,000 रू. क्रय की गयी। स्थायी किश्त पद्धति से ह्रास की दर 10% वार्षिक है। 2016 से 2018 तक का मशीन खाता तैयार कीजिए।

भाग–1 अध्याय–8

## विनिमय विपत्र

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 5 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेषणात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| - | 1 | 1 | - | 5 |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न( शब्द सीमा– 30 शब्द )–**

1. विनिमय बिल से क्या आशय है?
2. विनिमय बिल के कितने पक्षकार होते हैं?
3. अनुग्रह दिवस से क्या आशय है?
4. प्रतिज्ञा पत्र से क्या आशय है?
5. विनिमय बिल के अनादरण से क्या आशय है?
6. विनिमय बिल के बेचान से क्या आशय है?
7. प्राप्य बिल से क्या आशय है?
8. देय बिल से क्या आशय है?
9. आलोकन (नोटिंग) व्यय से क्या आशय है?
10. संग्रह हेतु विपत्र को भेजने से क्या आशय है?

लघु उत्तरीय प्रश्न( शब्द सीमा–75 शब्द )–

1. विनिमय विपत्र की विशेषताएँ लिखिए।
2. विनिमय बिल एवं प्रतिज्ञा पत्र में अंतर लिखिए।
3. विनिमय बिल के विभिन्न प्रकार समझाइए।
4. विनिमय बिल के लाभ लिखिए।
5. प्राप्य बिल एवं देय बिल में अंतर लिखिए।
6. प्रतिज्ञा पत्र की विशेषताएं समझाइए।
7. प्राप्य बिल के विभिन्न उपयोग समझाइए।
8. विनिमय बिल के अप्रतिष्ठित होने के प्रभाव समझाइए।
9. 1 जनवरी 2018 को अमर ने अकबर को 5000 रू. का माल बेचा और उस राशि के लिए तीन माह की अवधि का एक बिल लिखा। अकबर ने उसे स्वीकार कर अमर को लौटा दिया।बिल का देय तिथि को भुगतान हो गया। अमर की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।
10. 'अ' ने 'ब' को 1 जनवरी को 10000 रू. का माल बेचा जिसके लिए तीन माह के लिए एक बिल की स्वीकृत प्राप्त की। देय तिथि को बिल का भुगतान हो गया। ब की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।
11. x ने 1 जुलाई 2018 को तीन माह के लिए y से 5000 रू. के लिए एक बिल की स्वीकृति प्राप्त की। x ने 4% वार्षिक दर से उसे बट्टे पर भुना लिया। देय तिथि को बिल का भुगतान हो गया। x की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।
12. हरीश ने पराशर को 5000 रू. का माल बेचा जिसके लिए 1 जनवरी 2020 को एक बिल लिखा जिसकी स्वीकृति पाराशर ने दे दी। 15 जनवरी 2020 को हरीश ने प्रमोद को बिल बेचान कर दिया। देय तिथि को बिल का भुगतान हो गया। आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।
13. 1 जनवरी 2018 को राम ने बसन्त पर 1000 रू. का बिल 3 माह के लिए लिखा जिसकी स्वीकृति बसन्त ने दे दी। देय तिथि को बिल अप्रतिष्ठित हो गया। राम की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टि कीजिए।

भाग–2 अध्याय–9

## वित्तीय विवरण - 1

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 8 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 5 | - | 1 | - | 8 |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सत्य/असत्य बताइए –**

1. अंतिम खाते सामान्यतः वर्ष के अंत में तैयार किए जाते हैं।
2. बेचे गए माल की लागत में बिक्री व्यय भी शामिल होते हैं।
3. आर्थिक चिट्ठा दोहरा लेखा प्रणाली पर आधारित है।
4. आर्थिक चिट्ठा में सभी खातों का शेष शामिल हैं।
5. प्राप्य बिल को सम्पत्ति माना जाता है।

**सही विकल्प चुनिए –**

1. वित्तीय विवरण में सम्मिलित हैं–
   (अ) तलपट (ब) तुलनापत्र
   (स) लाभ व हानि (द) ब और स दोनों
2. लाभ व हानि खाता से ज्ञात निम्नलिखित लाभों को सही क्रम में चुने–
   (अ) प्रचालन लाभ, निवल लाभ, सकल लाभ (ब) सकल लाभ, प्रचालन लाभ, निवल लाभ,
   (स) प्रचालन लाभ, सकल लाभ,निवल लाभ (द) सकल लाभ, निवल लाभ, प्रचालन लाभ

3. लाभ हानि खाते का आधिक्य प्रदर्शित करता है–

(अ) शुद्ध लाभ या शुद्ध हानि (ब) सकल लाभ

(स) सकल हानि (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. व्यापार खाते से ज्ञात होता है–

(अ) सकल लाभ (ब) शुद्ध लाभ

(स) सकल हानि (द) अ और स दोनों

5. आहरण को घटाया जाता है–

(अ) विक्रय में से (ब) बाह्य वापसी में से

(स) क्रय में से ( द) पूंजी में से

**6.** विक्रय ज्ञात कर सकते हैं।

(अ) वस्तु की लागत+सकल लाभ (ब) वस्तु की लागत+सकल हानि

(स) सकल लाभ-वस्तु की लागत (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. अप्रत्यक्ष व्यय है–

(अ) आंतरिक गाड़ी भाड़ा (ब) बाहरी गाड़ी भाड़ा

(स) चुंगीकर (द) कारखाना व्यय

8. स्टॉक एवं विनियोग उदाहरण हैं–

(अ) स्थायी पूंजी के (ब) कार्यशील पूंजी के

(स) अस्थायी पूंजी के (द) उपरोक्तमें से कोई नहीं

9. एक तिथि विशेष पर सम्पत्ति एवं दायित्व का सारांश है–

(अ) तलपट (ब) लाभ हानि खाता

(स) आर्थिक चिट्ठा (द) व्यापार खाता

10. वित्तीय विवरण में शामिल है–

(अ) केवल तलपट (ब) केवल व्यापार खाता

(स) केवल लाभ हानि खाता (द) व्यापार खाता एवं लाभ हानि खाता दोनों

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. सकल लाभ का अंतरण ....................खाते में किया जाता है।
2. लेनदार व्यापार के लिए.................... होते हैं।
3. रोकड़ ..........................संपत्ति का एक रूप है।
4. शुद्ध हानि को...................... में से घटाया जाता है।
5. तुलनपत्र ................................. प्रदर्शित करने हेतु बनाया जाता है।
6. मूल्य ह्रास का लेखा लाभ हानि खाता में ............... पक्ष में किया जाता है।
7. यदि अंतिम रहतिया तलपट में दिखाया जाता है, तो इसे केवल ............... में लिखा जाएगा।
8. व्यापार के स्वामी के जीवन बीमा प्रीमियम को पूँजी में ............. जाता है।
9. समायोजन न होने से अंतिम खाते .............. स्थिति प्रदर्शित नहीं करते है।
10. अंतिम स्टॉक को चिट्ठे में ............... पक्ष में लिखा जाता है।

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए –**

1. तलपट में दिया गया पूर्वदत्त व्यय चिट्ठे में किस पक्ष में लिखा जाता है?
2. लाभ हानि खाते की प्रकृति क्या है?
3. प्रत्यक्ष व्यय किस खाते में लिखे जाते हैं?
4. अंतिम स्कंध का लेखा किस मूल्य पर किया जाता है?
5. ब्याज एवं कर के पूर्व की आय को क्या कहते हैं?

**लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा – 75 शब्द )**

1. तुलनपत्र की उपयोगिता की व्याख्या कीजिए।
2. व्यापार खाता एवं लाभ हानि खाता में अंतर लिखिए।
3. तलपट तथा चिट्ठा में अंतर लिखिए।
4. सकल लाभ एवं शुद्ध लाभ में अंतर लिखिए।
5. प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्ययों में अंतर लिखिए।
6. लाभ हानि खाता बनाइए–

| | रुपये | | रुपये |
|---|---|---|---|
| स्कल लाभ | 17000 | ब्याज प्राप्त | 8000 |
| किराया प्राप्त | 4000 | बट्टा प्राप्त | 120 |
| यात्रा व्यय | 1160 | बीमा व्यय | 180 |
| कमीशन प्राप्त | 700 | वेतन दिया | 2200 |
| डूबत ऋण | 40 | विक्रय पर भाड़ा | 60 |
| बट्टा दिया | 320 | अंकेक्षण शुल्क | 140 |
| डाक व्यय | 80 | | |

7. व्यापार खाता बनाइए –

| | रुपये |
|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | 50000 |
| क्रय | 110000 |
| विक्रय वापसी | 5000 |
| विक्रय | 300000 |
| क्रय वापसी | 7000 |
| कारखाना का किराया | 30000 |
| मजदूरी | 40000 |
| अंतिम रहतिया | 25000 |

8. संचालन लाभ ज्ञात कीजिए–

| | |
|---|---|
| शुद्ध विक्रय | 500000 रू. |
| बेचे गए माल की लागत | 300000रू. |
| वेतन | 70000रू. |
| बीमा | 20000रू. |
| अंकेक्षण फीस | 2000रू. |
| छपाई व्यय | 3000रू. |
| सामान्य व्यय | 1500रू. |
| डूबत ऋण | 1500रू. |
| लाभांश प्राप्त | 20000रू. |
| विज्ञापन व्यय | 30000रू. |

9. निम्नलिखित विवरण से चिट्ठा बनाइये–

| | रुपये | | रुपये |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 15000 | देनदार | 13000 |
| ऋण | 5000 | मशीन | 12300 |
| पूँजी | 25000 | रोकड़ हाथ में | 4000 |
| आहरण | 3000 | उपार्जित आय | 4000 |
| शुद्ध लाभ | 4000 | फर्नीचर | 8000 |
| अदत्त व्यय | 2500 | अनुपार्जित कमीशन | 800 |
| अंतिम स्कंध | 8000 | | |

भाग–2 अध्याय–10

## वित्तीय विवरण - 2

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश, भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 8 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 2 | 1 | - | 1 | 8 |

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**सही विकल्प चुनिए –**

1. पूर्वदत्त किराया चिट्ठे में किस रूप में दिखाया जाता है –
   (अ) चालू दायित्व (ब) स्थाई संपत्ति
   (स) चालू संपत्ति (द) आय
2. अनुपार्जित आय को चिट्ठा के किस पक्ष में दर्शाया जाता है–
   (अ) संपत्ति (ब) दायित्व
   (स) अ और ब दोनों (द) दोनों में से कोई नहीं

3. डूबत ऋण का संबंध होता है–

   (अ) देनदार से (ब) स्टॉक से

   (स) लेनदार से (द) इनमें से कोई नहीं प्रत्येक

   समायोजन का लेखा होना चाहिए –

   (अ) एक स्थान पर (ब) तीन स्थानों पर

   (स) दो स्थानों पर (द) चार स्थानों पर

4. प्राप्त कटौती संचय चिट्ठे में समायोजित होता है–

   (अ) लेनदारों में से घटाकर (ब) अन्य दायित्वमें

   (स) लेनदारों में जोड़कर (द)उपरोक्त में से कोई नहीं

**सत्य–असत्य बताइए –**

1. अधिविकर्ष पर ब्याज लाभ हानि खाता के नामे पक्ष में आता है।
2. मशीन स्थापना व्यय आयगत व्यय होते हैं।
3. अदत्त व्यय को व्यक्तिगत खाता माना जाता है।
4. डूबत ऋण की पुनः प्राप्ति होने पर इसे लाभ हानि खाता में जमा करते हैं।
5. समायोजन प्रविष्टियाँ लेखाकंन वर्ष के अंत में की जाती हैं।

**सही जोड़ी बनाइए**

| | |
|---|---|
| 1. अदत्त व्यय | (अ) संबंधित व्यय में जोड़ा जाता है |
| 2. पूर्वदत्त व्यय | (ब) व्यापार खाता |
| 3. माल की हानि | (स) लाभ हानि खाता |
| 4. डूबत ऋण | (द) अंतिम स्कंध में जोड़ना |
| 5. स्वीकृति हेतु माल भेजा | (इ) संबंधित व्यय में से घटाया जाता है |

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा–30 शब्द)**

1. अदत्त व्यय से क्या आशय है?
2. पूर्वदत्त व्यय से क्या आशय है?
3. उपार्जित आय से क्या आशय है?
4. अनुपार्जित आय से क्या आशय है?
5. समायोजन से क्या तात्पर्य है?
6. संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान से क्या आशय है?
7. डूबत ऋण को अभिलेखित करने की प्रविष्टि लिखिए।
8. पूंजी पर ब्याज अभिलेखित करने की प्रविष्टि लिखिए।

**विश्लेषणात्मक प्रश्न (शब्द सीमा–120 शब्द)**

1. उपार्जित आय एवं अनुपार्जित आय में अंतर लिखिए।
2. अदत्त व्यय एवं पूर्वदत्त व्यय में अंतर लिखिए।
3. वित्तीय विवरण तैयार करते समय समायोजन की क्या आवश्यकता है?
4. अंतिम स्कंध का मूल्यांकन कैसे किया जाता हैं ?
5. निम्नलिखित समायोजन के लिए प्रविष्टि कीजिए –
   i. अदत्त वेतन– 3000 रु.
   ii. ऋण पर ब्याज– 2000 रु.
   iii. अग्रिम किराया भुगतान– 1000 रु.
   iv. मशीन पर मूल्य ह्रास– 1000 रु.
   v. 50000 रु. की पूंजी पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाया।
6. निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष का व्यापार एवं लाभ–हानि खाता बनाइए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| नकद क्रय | – 45000 रु. | उधार विक्रय | – 124600 रु. |
| उधार क्रय | – 127800 रु. | क्रय वापसी | – 5600 रु. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रां. स्टॉक | – 28500 रु. | विक्रय वापसी | – 7200 रु. |
| नकद विक्रय | – 85800 रु. | आंतरिक ढुलाई एवं भाड़ा | – 4350 रु. |
| मजदूरी | – 1250 रु. | आयात शुल्क | – 3800 रु. |
| गोदी व्यय | – 380 रु. | चुंगीकर | – 800 रु. |

**समायोजन–**

i. वर्ष में 750 रु. का माल नमूने में दिया।
ii. 1500 रु. का माल आहरित किया।
iii. वर्ष के अंत में स्टॉक 56400 रु. रहा।

7. निम्नलिखित समायोजन की प्रविष्टियाँ 31 मार्च 2017 को कीजिए–
   1. उपार्जित ब्याज जो प्राप्त नहीं हुआ 500 रू.
   2. 1 अप्रैल 2017 को 5% वार्षिक दर से 10000 रू. के लिए गए ऋण पर ब्याज अप्राप्त है।
   3. 1 जुलाई 2017 को बीमा प्रीमियम के अदत्त है– 1000 रू.
   4. वर्ष के प्रारम्भ में 80000 रू. पूँजी थी 6% वार्षिक ब्याज देना है।

**भाग–2 अध्याय–11**

## अपूर्ण अभिलेखों से खाते

**मा.शि.मंडल मध्य प्रदेश,भोपाल के ब्लूप्रिंट के अनुसार इस अध्याय से वार्षिक परीक्षा में कुल 5 अंक के प्रश्न पूछे जायेंगे जिसका विवरण इस प्रकार है -**

| अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक) | अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक) | लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक) | विश्लेष्णात्मक प्रश्न (4 अंक) | |
| 2 | - | 1 | - | 5 |

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. ............ प्रणाली में तलपट नहीं बनाया जाता है।
2. इकहरा लेखा प्रणाली में ............. खातों को महत्व दिया जाता है।
3. अपूर्ण लेखा प्रणाली को ............. मान्यता प्राप्त नहीं है।
4. इकहरा लेखा प्रणाली में ................ शुद्धता की जाँच नहीं की जा सकती है।
5. इकहरा लेखा प्रणाली में प्रलेखों का रख रखाव ..................... होता है।
6. अपूर्ण लेखा प्रणाली ............ प्रणाली है।

**सत्य/असत्य बताइए –**

1. अपूर्ण लेखा प्रणाली को दोहरा लेखा प्रणाली में बदला जा सकता है।
2. एकाकी व्यापारी अपनी पुस्तकें अपूर्ण प्रणाली में रखना पसंद करते हैं।
3. इकहरा लेखा प्रणाली वास्तविक खाते रखे जाते हैं।
4. इकहरा लेखा प्रणाली में आवश्यक सूचनाओं का अभाव रहता है।
5. इकहरा लेखा प्रणाली पूर्ण विश्वसनीय प्रणाली है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न(शब्द सीमा–75 शब्द)–**

1. इकहरा लेखा प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए।
2. इकहरा लेखा प्रणाली एवं दोहरा लेखा प्रणाली में अंतर लिखिए।

3. इकहरा लेखा प्रणाली के लाभ लिखिए।
4. इकहरा लेखा प्रणाली की सीमाएँ लिखिए।
5. इकहरा लेखा प्रणाली अपूर्ण एवं अवैज्ञानिक प्रणाली है। समझाइए।
6. अपूर्ण लेखा प्रणाली के अपूर्णता के कारण समझाइए।

*****

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की ANSWER KEY**

## यद्यपि ANSWER KEY तैयार करने में पूर्ण सावधानी रखी गई है फिर भी संशय की स्तिथि में अपने विषय शिक्षक से परामर्श लेकर सुधार करें ।

### भाग–1 अध्याय–1

## लेखांकन - एक परिचय

**सही विकल्प चुनिए–**

1.(स) कला एवं विज्ञान दोनों 2.(अ) बोधगम्यता 3.(ब) मुद्रा मात्रक में 4. (द) भवन 5.(स) क्रय एवं विक्रय की जाने वाली वस्तु 6.(स) अपने निजी खाते से बेटे की फीसदी 7. (ब) सूचना का संप्रेषण 8. (स) पुस्तपालन 9.(अ) अव्यस्क 10. (ब) देनदार

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. अंदर, 2.घटनाओं की पहचान, 3. मुद्रा के, 4. लूकास पेसियोली, 5. अमूर्त, 6. विस्तृत, 7. भाषा, 8. चालू, 9. पूंजी, 10.डूबत ऋण

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(स), 2.–(द), 3.–(अ), 4.–(इ), 5.–(फ),6.–ब

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.असत्य, 3.सत्य, 4.असत्य, 5.सत्य**

### भाग–1 अध्याय–2

## लेखांकन - सैद्धांतिक आधार

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.**(ब) रूढ़ीवादी मान्यता, 2.(द) रूढ़िवादी सिद्धांत, 3.(अ) रूढ़िवादी मान्यता, 4.(स) सारता की मान्यता, 5. (ब) चालू व्यापार की अवधारणा

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

1. 12 माह, 2. दोहरा लेखा सिद्धांत, 3. मुद्रा मापन अवधारणा, 4. जीएसटी, 5.प्रारंभिक स्टॉक, 6. उपभोक्ता पर

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.असत्य, 2.असत्य, 3.सत्य, 4.सत्य, 5.सत्य**

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(द), 2.–(इ), 3.–(अ), 4.–(ब), 5.–(स)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. आगम व्यय मिलान, 2. सीमित, 3. पूंजी, 4. उत्पादन, 5.समनुरुपता, 6. व्यय, 7.दायित्व, 8. सम्पत्ति

भाग–1 अध्याय–3

## लेनदेनों का अभिलेखन-1

### लेखांकन - सैद्धांतिक आधार

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.**(अ) क्रेता , 2.(द) इनमें से सभी, 3.(ब)विवरण, 4.(स)क्रय खाता , 5. (स) पांच, 6. (द) खाताबही, 7. (द) व्यय और आगम से, 8. (द) स्मारक पुस्तक से , 9. (अ) आहरण खाता

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(ब), 2.–(स), 3.–(द), 4.–(इ), 5.–(अ)

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.असत्य, 2.सत्य, 3.असत्य, 4.सत्य, 5.सत्य**

**एक वाक्य में उत्तर दीजिए–**

**1. जमा, 2. सम्पत्ति, 3. जमा, 4. प्रारंभिक पुस्तक, 5. आधुनिक, 6. आठ, 7. खतौनी करना, 8. नाम मात्र के**

भाग–1 अध्याय–4

## लेनदेनों का अभिलेखन -2

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.** ब) रोजनामचा का , 2.(ब) उधार व नकद खरीद का , 3.(ब)नकद छूट का , 4.(ब) अग्रदाय प्रणाली, 5. (अ) उभय पक्ष प्रविष्टि,

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. डूबत ऋण, 2. विक्रेता, 3.जमा, 4.अधिविकर्ष ,5.रोकड़ी

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

1. ख्याति, 2. जमा, 3. खुदरा रोकड़बही, 4. त्रिस्तंभीय, 5.मुख्य जर्नल में

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.असत्य, 3.सत्य, 4.सत्य, 5.सत्य**

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(ब), 2.–(अ), 3.–(द), 4.–(स),

भाग–1 अध्याय–5

## बैंक समाधान विवरण

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**1.** ग्राहक के खाते की, 2. सामयिक, 3.आंतरिक, 4.अंतरों ,5.जमा

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.** (अ) व्यापारी द्वारा , 2.(अ) पासबुक में, 3.(अ)अनुकूल शेष, 4.(द) व्यापारी की इच्छानुसार, 5.(स) पासबुक,

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.असत्य, 3.असत्य, 4.असत्य, 5.सत्य**

भाग–1 अध्याय–6

## तलपट एवं अशुद्धियों का शोधन

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.** (ब) देनदार , 2.(द) विषेश तिथि को, 3.(स)स्थिति विवरण में, 4.(स) 10 रु., 5.(अ) एक पक्षीय त्रुटि विद्यमान है

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.असत्य, 3.असत्य, 4.सत्य, 5.सत्य**

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(स), 2.–(अ), 3.–(ब), 4.–(फ), 5.–(द), 6.–(इ)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**1.** संशोधन प्रविष्टि, 2. अस्थाई, 3.अंतिम, 4.प्रारंभिक , 5.जमा

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

**1.** उचंत, 2. क्षतिपूरक, 3. गणतीय, 4. हिसाब की अशुद्धि, 5. हिसाब की अशुद्धि

भाग–1 अध्याय–**7**

## ह्रास, प्रावधान और संचय

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(इ), 2.–(स), 3.–(अ), 4.–(ब), 5.–(द)

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.असत्य, 2.सत्य, 3.सत्य, 4.सत्य, 5.सत्य**

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**1.** कमागत ह्रास, 2.स्थाई, 3.स्थाई, 4.कोष

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

**1.** आयोजन/प्रावधान, 2. उच्चावचन, 3. अप्रचलन, 4. शोधन कोष, 5. लाभ कम कर देता है

भाग–2 अध्याय–9

## वित्तीय विवरण - 1

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.असत्य, 3.सत्य, 4.असत्य, 5.सत्य**

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.** (द) ब और स दोनों , 2.(ब) सकल लाभ, प्रचालन लाभ, निवल लाभ, 3.(अ) शुद्ध लाभ या शुद्ध हानि , 4.(अ) सकल लाभ, 5.(द) पूंजी में से, 6.(अ) वस्तु की लागत+सकल लाभ, 7.(ब) बाहरी गाड़ी भाड़ा (ब) कार्यशील पूंजी के, 9.(स) आर्थिक चिट्ठा , 10.(द) व्यापार खाता एवं लाभ हानि खाता दोनों

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**1.** लाभ हानि, 2.दायित्व, 3.तरल, 4.पूंजी, 5. आर्थिक स्थिति, 6. हानि, 7.आर्थिक चिट्ठा, 8.घटा दिया, 9. आर्थिक, 10. सम्पत्ति

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए –**

**1.** सम्पत्ति पक्ष में, 2. नाम मात्र का खाता, 3. व्यापार खाता में, 4. बाजार मूल्य एवं लागत मूल्य में से जो कम हो, 5. संचालन लाभ

भाग–**2** अध्याय–10

## वित्तीय विवरण - 2

**सही विकल्प चुनिए –**

**1.** (ब) स्थाई सम्पत्ति , 2.(ब) दायित्व, 3.(अ) देनदार से , 4.(स) दो स्थानों पर, 5.(अ) लेनदारों में से घटाकर,

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.असत्य, 3.सत्य, 4.सत्य, 5.सत्य**

**सही जोड़ी बनाइये–**

**1.**–(अ), 2.–(इ), 3.–(ब), 4.–(स), 5.–(द)

भाग–**2** अध्याय–**11**

## अपूर्ण अभिलेखों से खाते

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**1.** अपूर्ण, 2.व्यक्तिगत, 3.कानूनी, 4.गणतीय, 5. सरल, 6. अवैज्ञानिक

**सत्य/असत्य बताइए –**

**1.सत्य, 2.सत्य, 3.असत्य, 4.सत्य, 5.असत्य**

******